मुख पृष्ठ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के वेबस्थल पर आपका स्वागत है| पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता और भारतीय राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन को वैचारिक दिशा देने वाले पुरोधा थे| वे एकात्म मानववाद के प्रणेता , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक महामंत्री, कुशल संगठक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ एवं दार्शनिक थे| उनके बाल्यकाल का अधिकांश समय राजस्थान में व्यतीत हुआ| वे लगभग 20 वर्ष राजस्थान में रहे| उनको बचपन के संस्कार धानक्या रेलवे स्टेशन स्थित 'संस्कार सृष्टि' में मिले| उन्होंने गंगापुर सिटी, कोटा, राजगढ़, सीकर एवं पिलानी में प्राथमिक स्तर से इंटर तक की शिक्षा प्राप्त की| पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक का निर्माण राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण ने राजस्थान सरकार से वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त कर ₹10.00करोड़ की लागत से करवाया| इस स्मारक का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा 26 सितंबर 2018 को किया गया| स्मारक के निर्माण के समय राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत एवं मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे थी |इस स्मारक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़ी घटनाओं, समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों से हुई मुलाकातों को दर्शाया गया है|

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति का पंजीयन 3 जुलाई 2019 को हुआ है| समिति का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक एवं इससे संबंधित स्थलों के सर्वांगीण विकास एवं संरक्षण के लिए सरकार को सकारात्मक सहयोग प्रदान करना है| यह समिति स्मारक स्थल धानक्या (जयपुर) एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में तथा उपाध्याय की शिक्षा व जीवन से संबंधित स्थानों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान एवं संस्कारयुक्त , सामाजिक व संस्कृति रक्षण के कार्यक्रमों से देश व दुनिया को जोड़ने का कार्य करेगी |

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या रेलवे स्टेशन,जयपुर में स्थित है |

धानक्या रेलवे स्टेशन जयपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर है ,यहां आने जाने के लिए सिंधीकेंप से बस व जयपुर जंक्शन से रेल की सुविधा उपलब्ध है| आपसे निवेदन है कि समिति को मनसा, वाचा, कर्मणा सकारात्मक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान करावे तथा परिवारजनों, इष्ट मित्रों सहित पधारकर दीनदयाल जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने का कष्ट करें |

प्रो.मोहन लाल छीपा

अध्यक्ष